पत्र सूचना साखा
सूचना एवम जनसंपर्क विभाग

# मा. मंत्री बेबी रानी मौर्य ने योजनाओं की समीक्षा की, सम्भव अभियान रैली को दिखाई हरी झंडी

लखनऊ : 28 जुलाई 2025

उत्तर प्रदेश सरकार की महिला कल्याण, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार मंत्री श्रीमती बेबी रानी मौर्य ने उरई स्थित निरीक्षण भवन में विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने 'सम्भव अभियान 2025' के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं से संवाद करते हुए जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने संवाद के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से सम्भव अभियान के दौरान प्रस्तावित समस्त गतिविधियों का नियमित संचालन करने को कहा। उन्होंने विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों की नियमित माप–तौल, वीएचएसएनडी सत्रों में स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण सुधार संबंधी गतिविधियों को गंभीरता से लागू करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में मंत्री जी ने आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन, अनुपूरक पुष्टाहार वितरण, सैम व मैम श्रेणी के बच्चों के चिन्हांकन, सन्दर्भन एवं सुधरीकरण, पोषण ट्रैकर पर लाभार्थियों की फीडिंग, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन तथा स्पॉन्सरशिप योजना सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन सभी योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी ढंग से सुनिश्चित किया जाए ताकि लाभार्थियों को समयबद्ध लाभ मिल सके।

बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी शरद अवस्थी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी, बाल कल्याण समिति के सदस्य, चाइल्ड हेल्पलाइन यूनिट के परियोजना समन्वयक सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

सम्पर्क सूत्र– लाल कमल

अवनीश श्रीवास्तव/05:32 **PM**

---

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0 : 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in